हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

11 नगर पंचायत कुरुद व भखारा के 15-15 वार्डों के लिए आरक्षण तय




12 डॉ. अम्बेडकर पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने केन्द्रीय गृहमंत्री...





## खबर संक्षेप

### सेमेस्टर परीक्षा आज से

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। एमए, एमएससी, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से प्रारंभ होकर 13 जनवरी तक चलेगी। परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय में प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### पहंदा में कबड्डी प्रतियोगिता 28 को

**धमतरी।** ग्राम पहंदा (बोरसी) में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 28 दिसंबर को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय




पुरस्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये दिया जायेगा। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि यादव एवं सचिव विक्की ध्रुव ने दी है।

### पीजी कालेज में प्रायोगिक परीक्षा 21 को

**धमतरी।** पीजी कालेज में अध्ययनरत बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा आईटी विभाग में 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से होगी। आईटी जीई 1, फण्डामेण्टल ऑफ आईटी एवं एमएस ऑफिस, सीए जीई 1 कम्प्यूटर फण्डामेण्टल एवं एमएस ऑफिस, सीए जीई 2 ऑपरेटिंग सिस्टम, सीएस जीई 1 कम्प्यूटर फण्डामेण्टल एवं ऑपरेटिंग सिस्टम, आईटी एससी 1 फण्डामेण्टल ऑफ आईटी एण्ड एमएस ऑफिस से संबंधित छात्र-छात्राओं को अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है। अनुपस्थिति की दशा में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में 20 को बाल शोध मेला

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में 20 दिसम्बर को बाल शोध मेला का आयोजन किया गया है। बाल शोध मेला में विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार अलग-अलग विषयों में अपने शोध को प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। बाल शोध के माध्यम से बच्चे अपने परिवेश को समझने, सांस्कृतिक, सामाजिक पहलुओं को देखने, क्यों और कैसे के कारण को जानने तथा अपनी समझ को विकसित करते हैं। यह बच्चों के सकारात्मक दृष्टिकोण को निर्मित कर पाने की दिशा में एक कदम है। बाल शोध मेला में अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल शंकरदाह के साथ स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंडेल, शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### आरक्षण के बाद कई लोगों में मायूसी तो कुछ के खिले चेहरे

# गहमा-गहमी के बीच हुआ नगरीय निकाय चुनाव का आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गहमागहमी के बीच जिले के सभी निकायों के चुनाव के लिए आरक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नम्रता गांधी सहित उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में लाटरी सिस्टम से आरक्षण किया गया। आरक्षण के बाद चुनाव लड़ने तथा लड़ाने के इच्छुक कई लोगों में मायूसी छा गई, वहीं कई लोगों के चेहरे खिल गए।

नगरपालिक निगम धमतरी में 40 वार्डों के लिए आरक्षण हुआ। सबसे पहले अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षण किया गया। जनसंख्या के अनुपात में 40 वार्डों में सबसे अधिक अजा जनसंख्या वाले वार्ड साल्हेवारपारा 46.24 प्रतिशत, दानीटोला वार्ड 29.24 प्रतिशत, महंत घासीदास वार्ड 28.96 प्रतिशत तथा हटकेशर वार्ड 21.72 प्रतिशत को अजा के लिए आरक्षित किया गया। निगम में अजा की आबादी करीब 10 प्रतिशत होने के कारण 40 में से 4 वार्डों को अजा की सूची में डाला गया। इनमें से साल्हेवारपारा अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुआ। निगम की जनसंख्या में करीब 8 प्रतिशत आबादी वाली अजजा के लिए 3 वार्डों की सूची बनाई गई। निगम में सबसे अधिक अजजा वाले वार्ड के लिए गोकुलपुर में 27.32 प्रतिशत, बठेना वार्ड 27.24 प्रतिशत, शीतलापारा वार्ड 20.29 प्रतिशत को अजजा वार्ड के लिए आरक्षित किया गया। तीनों वार्डों से अजजा के लिए एक महिला आरक्षण के लिए शीतलापारा वार्ड की लाटरी निकाली।

ओबीसी वर्ग के लिए निगम में कुल 13 वार्डों का आरक्षण किया गया। ओबीसी आरक्षण में पूर्व के चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षित वार्डों को छोड़कर तथा परिसीमन में प्रभावित 14 वार्डों को जोड़कर कुल 20 वार्डों में से 13 वार्ड की लाटरी निकाली गई। जिसमें औद्योगिक वार्ड, नवागांव वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, जालमपुर वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, पोस्ट आफिस वार्ड, बनियापारा वार्ड, रामसागरपारा वार्ड, टिकरापारा वार्ड, डा. अंबेडकर वार्ड, सोरिद वार्ड, विवेकानंद नगर वार्ड, सुभाषनगर वार्ड का ओबीसी के लिए आरक्षण हुआ। इन 13 वार्डों में से 4 वार्ड पोस्ट आफिस वार्ड, सोरिद वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड तथा सुभाष नगर वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुआ।

20 वार्डों का अजा, अजजा, ओबीसी के लिए आरक्षण होने के बाद शेष 20 वार्ड लालबगीचा, सुंदरगंज वार्ड, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, मकेश्वर वार्ड, आमापारा वार्ड, सदरबाजार उत्तर, ब्राम्हणपारा वार्ड, कोष्टापारा वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर वार्ड, रामपुर वार्ड, सदरबाजार दक्षिण वार्ड, बांसपारा वार्ड, मराठापारा वार्ड, मोटरस्टैंड वार्ड, रिसाईपारा पूर्व, नयापारा वार्ड, जोधापुर वार्ड, डाकबंगला वार्ड, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। जिसमें 7 वार्ड लालबगीचा, सरदार वल्लभभाई पटेल, मकेश्वर वार्ड, सदरबाजार दक्षिण वार्ड, बांसपारा वार्ड, नयापारा वार्ड, डाकबंगला वार्ड की लाटरी निकालकर सामान्य वर्ग महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत मगरलोड का आरक्षण

नगर पंचायत मगरलोड के 15 वार्डों का आरक्षण किया गया जिसमें वार्ड क्रमांक 1 शहीद भगत सिंह वार्ड अनारक्षित (महिला), 2 लाल बहादुर शास्त्री अनारक्षित, 3 गुरु घासीदास अजा (मुक्त), 4 सुभाषचंद्र बोस अनारक्षित (महिला), 5 चंद्रशेखर आजाद अनारक्षित, 6 महात्मागांधी अनारक्षित, 7 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अनारक्षित (महिला), 8 पं.सुंदरलाल शर्मा वार्ड ओबीसी (मुक्त), 9 पं.नारायणराव मेघावाले अनारक्षित, 10 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ओबीसी (महिला), 11 डा.अंबेडकर वार्ड अनारक्षित, 12 श्यामाप्रसाद मुखर्जी ओबीसी (मुक्त), 13 शहीद वीरनारायण वार्ड ओबीसी (महिला), 15 रानी दुर्गावती वार्ड अजजा (मुक्त) के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत आमदी का आरक्षण

नगर पंचायत आमदी में अनुसूचित जाति की जनसंख्या नहीं होने पर यहां अजा का आरक्षण नहीं हुआ। यहां 15 वार्डों में से वार्ड क्रमांक 1 महात्मा गांधी वार्ड ओबीसी (मुक्त), 2 दीनदयाल उपाध्याय अनारक्षित, 3 वीर नारायण सिंह ओबीसी (महिला), 4 इंदिरा गांधी वार्ड ओबीसी (मुक्त), 5 स्वामी विवेकानंद वार्ड अनारक्षित, 6 सुभाषचंद्र बोस अनारक्षित (महिला), 7 बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव अनारक्षित, 8 शिवाजी वार्ड अनारक्षित, 9 श्यामाप्रसाद मुखर्जी ओबीसी (महिला), 10 सरदार भगतसिंह वार्ड अनारक्षित (महिला), 12 चंद्रशेखर आजाद ओबीसी (मुक्त), 13 दशरथ वार्ड ओबीसी (मुक्त), 14 राजमाता सिंधिया वार्ड अनारक्षित, 15 नारायण राव मेघावाले वार्ड को अजजा (मुक्त) के लिए आरक्षित किया गया है।

### नगर पंचायत भखारा में आरक्षण

नगर पंचायत भखारा के कुल 15 वार्डों का आरक्षण किया गया जिसमें वार्ड क्रमांक 1 शहीद भगतसिंह वार्ड अजजा (मुक्त), 2 स्वामी विवेकानंद वार्ड अनारक्षित, 3 गुरु घासीदास वार्ड अजा (मुक्त), 4 पं. नारायणराव मेघावाले अनारक्षित, 5 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अनारक्षित, 6 महात्मागांधी वार्ड अनारक्षित (महिला), 7 पंढरीराव कृदत्त वार्ड ओबीसी (मुक्त), 8 चंडी मंदिर वार्ड ओबीसी (मुक्त), 9 नेता सुभाषचंद्र बोस वार्ड अनारक्षित (महिला), 10 दंतेश्वरी वार्ड ओबीसी (महिला), 11 डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड अनारक्षित, 12 मिनीमाता वार्ड ओबीसी (मुक्त), 13 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनारक्षित, 14 बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव वार्ड अजजा (महिला), 15 चंद्रशेखर आजाद वार्ड अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षण हुआ।

### नगर पंचायत कुरूद का आरक्षण

15 वार्ड वाले कुरूद नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 1 शंकरनगर वार्ड अनारक्षित, 2 वीर नारायण वार्ड अनारक्षित, 3 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ओबीसी (मुक्त), 4 गुरू घासीदास वार्ड अजा (मुक्त), 5 बजरंग चौक ओबीसी (मुक्त), 6 गांधी चौक वार्ड अनारक्षित, 7 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड ओबीसी (महिला), 8 सरोजनी चौक वार्ड ओबीसी (मुक्त), 9 शास्त्री चौक वार्ड अनारक्षित (महिला), 10 स्वामी विवेकानंद वार्ड अजजा (मुक्त), 11 मंगल पांडे वार्ड अजजा (महिला), 12 अटल वार्ड अनारक्षित (महिला), 13 संजय नगर वार्ड अनारक्षित, 14 वंदेमातरम वार्ड अनारक्षित, 15 अस्पताल वार्ड प्रियंका कालोनी अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षण हुआ।

### नगर पंचायत नगरी का आरक्षण

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र वार्ड नगरी नगर पंचायत के 4 वार्डों में अजजा वर्ग के लिए आरक्षण किया गया। ओबीसी वर्ग के लिए 2 वार्ड तथा अजा के लिए 1 वार्ड का आरक्षण हुआ। 15 वार्डों वाले नगर पंचायत नगरी में वार्ड क्रमांक 1 शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड अजा (मुक्त) के लिए आरक्षित हुआ। 2 श्यामाप्रसाद मुखर्जी अजजा (मुक्त), 3 रामनगर वार्ड अनारक्षित, 4 महात्मा गांधी वार्ड अनारक्षित, 5 दीनदयाल उपाध्याय अजा (मुक्त), 6 रानी दुर्गावती वार्ड अनारक्षित, 7 विवेकानंद वार्ड अनारक्षित (महिला), 8 चंद्रशेखर आजाद वार्ड अनारक्षित (महिला), 9 शहीद धमेन्द्र साव वार्ड अनारक्षित (महिला), 10 श्रृंगी ऋषि वार्ड ओबीसी (महिला), 11 महावीर वार्ड ओबीसी (मुक्त), 12 सुभाषचंद्र बोस वार्ड अजजा (महिला), 13 भीमराव अंबेडकर वार्ड अनारक्षित, 14 शहीद गैंदसिंह नायक वार्ड अजजा (मुक्त), 15 शहीद सेनानी वार्ड अनारक्षित के लिए आरक्षण हुआ।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# वकील हुआ आनलाइन फ्राड का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



- दोगुना प्राफिट का झांसा देकर ठगे 15 लाख

मिनिमम इन्वेस्ट पर दोगुना प्राफिट का लालच देकर साइबर ठगों ने एक वकील से लगभग 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है।

पुलिस के अनुसार रूद्री रोड शारदा नगर निवासी मोहित देवांगन पिता नाथूराम उम्र 58 वर्ष अधिवक्ता है। 20 अक्टूबर 2024 को उसके मोबाइल में आदित्य मित्तल रायपुर ने अपने मोबाइल नंबर से मैसेज भेजा। जिसमें लिखा था कि अभी दिवाली फंडिंग चल रही है। एचएनआई स्टाक में। उसके बाद दोबारा मैसेज किया कि बल्क क्वांटिटी में वर्क हो रहा है। इसमें मिनिमम इन्वेस्ट में दोगुना प्राफिट इन दिनों में होना है। प्रार्थी से एचएनआई करने संबंधी मैसेज में पूछा गया। इसके बाद प्रार्थी ने एचएनआई वर्किंग की जानकारी ली। मैसेज करने वाले ने शाम को फिर से मैसेज कर दूसरे दिन शाम को समझाने की बात कही। 21 अक्टूबर की शाम को केएन पाण्डेय ने जो अपने आप को एनएसई नेशनल स्टाक एक्सचेंज का ब्रोकर बताकर एनएचआई के संबंध में लोक लुभावन जानकारी देकर एनएचआई में दोगुना लाभ कमाने का भरोसा दिखाकर बैंक आफ बड़ौदा का खाता नंबर दिया। उक्त खाता अंकुश नामक व्यक्ति का था। जिसमें अलग-अलग दिनांक को कुल 15 लाख 27 सौ रूपए आरटीजीएस, गूगल पे एवं फोन पे के माध्यम से भेजा गया। उसके बाद आरोपियों ने 15 लाख रूपये कमीशन की राशि भेजने पर ही जमा राशि के अलावा उसमें दोगुना बोनस सहित 45 लाख 35 हजार रूपए मिलने का झांसा दिया। उक्त व्यक्तियों द्वारा ठगे जाने का अहसास होने पर प्रार्थी अपना जमा राशि वापस प्राप्त करने आरोपियों से लगातार संपर्क करता रहा। आरोपियों द्वारा टालमटोल किया जाता रहा।

प्रार्थी ने आरोपी आदित्य मित्तल व केएन पाण्डेय द्वारा संचार माध्यम से मोबाइल व व्हाटसअप चेटिंग के जरिए आनलाइन बैंक खाता भेजकर कुल 15 लाख 27 हजार रूपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने की सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5), 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम दोनर निवासी मनीष साहू पिता महेंद्र उम्र 24 वर्ष अपने घर के ट्रेक्टर को चलाने का काम करता था। युवक ने गुरुवार की सुबह कमरे में लगे सिलिंग पंखा में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### रोमा श्रीवास्तव ने वीसी के जरिये अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# पीएम आवास की धीमी प्रगति पर सीईओ ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने वीडियो कांफ्रेंस से प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक लेकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 7,207 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि प्राप्त हुई है जिससे 5,544 आवासों में ही प्लींथ लेवल पर प्रगति आई है। 15 नवम्बर 2024 तक 2,178 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि से 157 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवासों को 31 दिसंबर 2024 तक पूर्ण करें।

सीईओ जिला पंचायत ने जनमन योजनांतर्गत 653 आवास जो पूर्णता हेतु शेष है एवं छत स्तर पर पूर्ण 157 आवासों को 31 दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी तरह वर्ष 2016-23 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों में से आज दिनांक तक 493 आवास पूर्ण करने हेतु शेष है। कम प्रगति पर सीईओ जिला पंचायत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 15 दिवस के भीतर कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराएं तथा कार्रवाई विवरण सहित जिला कार्यालय को प्रेषित करें। वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 के अंतर्गत स्वीकृत अपूर्ण आवासों की मॉनिटरिंग करने तथा एक सप्ताह के भीतर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को दिए। ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण कर रहे राजमिस्त्रियों की मॉनिटरींग कर सूची उपलब्ध कराने सीईओ जिला पंचायत ने सब इंजीनियर तथा तकनीकी सहायक को निर्देशित किया।

सभी विकासखंडों में प्रतिदिन सार्वाधिक अपूर्ण वाले ग्राम पंचायतों की प्रगति रिपोर्ट भेजने खासतौर पर नगरी विकासखंड की प्रदान टीम को शामिल कर हितग्राहियों के उन्मुखीकरण एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। भूमि संबंधी समस्या, स्थल विवाद एवं अन्य कारणों के कारण आवास निर्माण में कठिनाइयां आ रही है, इसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को दें तथा प्रकरण दर्ज भी कराया जाए। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

MARUTI SUZUKI NEXA

स्काय ऑटोमोबाइल्स आपको आमंत्रित करता है
साल का भव्य गाड़ियों के महोत्सव में



ग्रामीण महोत्सव
20 - 21 दिसम्बर 2024

स्थानः
मेनोनाइट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउण्ड
रत्नाबांधा चौक, धमतरी

मुख्य आकर्षण

मैजिक शो एवं म्यूजिकल नाईट
रोज शाम 5 से 7 बजे तक

स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक उपहार एवं पुरस्कार
पुरानी गाड़ियों की प्रदर्शनी
मेहंदी आर्टिस्ट
फ्री सर्विस कैंप



I ♥ SKY @ 37 Years
Oldest & Most Trusted
SKY AUTOMOBILES
sales • service • spares - SINCE 1987

DHAMTARI: NEXA Dhamtari, Sehra Dabri, Raipur Road. Call: 9111107014, 9111107016

MAHESHWARI

**खबर संक्षेप**



## लीफ आर्टिस्ट ने पीपल के पत्ते पर उकेरी बाबा घासीदास की आकृति

**नगरी।** 18 दिसंबर को धूमधाम से गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य मोदे निवासी ने पीपल के पत्तों पर गुरु घासीदास के खड़ाऊ, कमंडल, जैतखाम, सफेद ध्वजा की आकृति उकेरी है। इसकी सभी ने प्रशंसा की है।

## मनोहर बेलर मंडल अध्यक्ष बनाए गए

**नगरी।** सिहावा विधानसभा में भाजपा के चारों मंडल के नए



अध्यक्ष की घोषणा की गई। सभी मंडल के चुनाव प्रभारी ने प्रदेश से आए लिफाफे को खोलकर नामों की घोषणा की। बेलर मंडल अध्यक्ष मनोहर दास मानिकपुरी बनाए गए। कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

## अमलीडीह में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 21 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में राधा रानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीत में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 21 से 29 दिसंबर तक किया गया है। कथावाचक वासुदेव महाराज ग्राम



अरकार जिला बालोद होंगे। 21 दिसंबर को कलश यात्रा, देवी स्थापना, 22 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 23 दिसंबर को भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र, 24 दिसंबर को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, राम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, 25 दिसंबर को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला, 26 दिसंबर को कंस वध, रुक्मणी विवाह उत्सव, 27 दिसंबर को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 28 दिसंबर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। 29 दिसंबर को गीता प्रवचन, हवन, प्रसाद का वितरण होगा। कार्यक्रम की तैयारी में राधा रानी महिला समूह अध्यक्ष निराशा बाई यादव, उपाध्यक्ष हेमा साहू, सचिव तिलेश्वरी साहू, सहसचिव नीतू साहू, कोषाध्यक्ष दामिनी साहू, प्रेमवती साहू, केसरी, प्रीतम, निलेश्वरी, रुक्मणी, भगवती साहू समेत अन्य जुटे हुए हैं।

**गुप्त रोगी स्वयं मिलें**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### निःशुल्क श्रम पंजीयन नवीनीकरण से ग्रामीणों में खुशी

# सिवनीकला में श्रम पंजीयन विभाग ने लगाया शिविर, 249 लोग हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिवनीकला के शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में श्रम पंजीयन विभाग जिला धमतरी का निःशुल्क पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रम पंजीयन विभाग द्वारा लाभार्थियों का निःशुल्क पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन किया गया।

शिविर में जिला श्रम पंजीयन विभाग से जगदीश नेटी श्रम निरीक्षक जिला धमतरी, सुनीत साहू श्रम कल्याण निरीक्षक, प्रसन्ना नायडू कुरूद, प्रतीक साहू सहायक ग्रेड 3 श्रम संसाधन केंद्र कुरूद, अमित बंसवार श्रम संसाधन केंद्र कुरूद, ऋतु रात्रे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सिवनीकला उपस्थित थे।






पंजीयन में सिवनीकला के गिरधर निर्मलकर और नेतराम साहू का भी सहयोग रहा। इसके अलावा अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश साहू सोसाइटी अध्यक्ष, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, धनेश्वरी पुष्कर यादव जनपद सदस्य, सुशील साहू, दाऊ केवल चंद्राकर, सुरेश तारक ग्राम पटेला, कपिल पटेल, विक्रम साहू, सुरेश पंच, अरुण कुमार पंच शामिल हुए।

भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला श्रम पंजीयन विभाग से आए अधिकारियों ने ग्रामवासियों को श्रम पंजीयन के लाभ और नवीनीकरण की जानकारी दी। इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पंजीयन, नवीनीकरण कराने ग्रामीणों की भीड़ रही। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 249 लाभार्थियों ने लाभ लिया। प्राप्त 249 आवेदनों पर समस्या का समाधान किया गया। निःशुल्क पंजीयन शिविर आयोजन से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई।

कार्यक्रम में खिलावन चंद्राकर, कुंजीलाल, तोषण, लक्ष्मी, दिलेंद्र यादव, इंदु अडिल, नंद निर्मलकर, भागी निर्मलकर, टेकराम साहू, टेकराम साहू, डीहु साहू, मिनी निर्मलकर, मोनिका, पुरूषोत्तम, बालाराम, बीजू तारक, काशी तारक, सुरेश हिरवानी, गुहाराम, रामेश्वर, फेंकू, भूषण, राधिका, कुलेश्वरी, ललित पटेल का भी सहयोग रहा।

# बाबा का संदेश आज भी प्रासंगिक : बलजीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें नगरी के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बाबा गुरु घासीदास से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि आज के इस पवित्र दिन पर मुझे भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल का अध्यक्ष चुना गया है। बाबा गुरु घासीदास महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम रहा है। गुरु घासीदास के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व नपं अध्यक्ष नंद यादव, शहर अध्यक्ष राजा पवार, युवा मोर्चा कार्यकर्ता विकास जैन, यश संचेती, पूर्व पार्षद संत नेताम, सुरेश साहू उपस्थित थे।

# अछोटी में जैतखाम पर चढ़ाया पालो

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम अछोटी में गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम की महिलाओं ने अपने-अपने घर से आरती सजाकर घासीदास बाबा के तैलचित्र व जैतखाम की पूजा-अर्चना के साथ पालो चढ़ाया। पंडित सेवकदास मारकंडे ने मंगल भजन, पंथी की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात महाप्रसादी खीर पूड़ी का वितरण किया गया। मौके पर समाज प्रमुख अर्जुन बघेल, विसंभर मारकंडे, कालूराम, मेलाराम, खेदू, पूरण धृतलहरे समेत अन्य उपस्थित थे।



# मगरलोड भाजपा मंडल के मोहन अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

■ तीन नामों का पैनल भाजपा संगठन पार्टी को भेजा गया था

मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव नगर पंचायत के बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण भवन में हुआ। निर्वाचन प्रभारी गौरकरण साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष,सह प्रभारी नरेश सिन्हा जिला भाजपा उपाध्यक्ष रहे।

मंडल प्रभारी गौरकरण साहू ने बताया कि मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों का पैनल बनाकर भाजपा संगठन पार्टी को भेजा गया था। प्रदेश संगठन पार्टी ने बंद लिफाफा में एक व्यक्ति के नाम का उल्लेख किया है। ग्राम नवागांव निवासी मोहन साहू को मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष नामित किया गया है। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष श्री साहू का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया था, उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास किया। पार्टी के हर आदेश का पालन किया।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी ने जो दावित्व दिया है। उस पर खरा उतरूंगा। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगा। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष श्री साहू एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। बूथ अध्यक्ष, नवागांव शक्ति केन्द्र प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रह चुके थे जिस पर भाजपा पार्टी ने विश्वास जताया है।

इस दौरान प्रदेश कार्य समिति पिछड़ा वर्ग सदस्य शत्रुघ्न साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता टीका राम कंवर, महामंत्री एवन साहू, रामायण सिन्हा, पार्षद नरेश अग्रवाल, भवानी यादव, चेतन साहू, माधव ठाकुर, कोमल यदु, डीहू राम साहू, पवन निषाद, मनोहर सिन्हा, राधे सिन्हा, तिलक साहू, अश्वनी साहू, देवराज देवांगन, नारायण साहू, गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डांडेसरा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा के स्कूल सफाई कर्मचारी टिकेश्वर साहू, रसोइया सरिता साहू एवं सहायिका राधाबाई जोशी ने संयुक्त रूप से शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान कक्षा पहली से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी, भजिया परोसा गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, ग्राम पटेल अंगदराम साहू, शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चंद्राकर, शिक्षिका शहनाज बानो, अनीता साहू, बीना गजेन्द्र उपस्थित थे।

# हेडमास्टर बनने पर शिक्षक मनोज ने स्कूल को दिया एलईडी टीवी, बच्चों को बांटे उपहार

■ ग्रामीणों ने बाजे-गाजे के साथ शिक्षक को किया विदा, वार्षिकोत्सव भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय उड़ेना में शाला प्रबंधन समग्र शिक्षा समिति एवं विद्यालय परिवार उड़ेना के शिक्षकों द्वारा शिक्षक विदाई व वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानपाठक के रूप में पदोन्नत हुए शिक्षक को बाजे-गाजे के साथ विदा किया। अपनी विदाई में शिक्षक मनोज साहू ने स्कूल को




**नशामुक्त समाज के निर्माण में भूमिका निभाएं**

इस दौरान श्री साहू ने कहा कि शिक्षा के तीन आधार स्तंभ शिक्षक, बालक व पालक हैं। तीनों की भूमिका बेहतर सुनिश्चित करने से ही गुणवत्ता युक्त शिक्षा की परिकल्पना साकार हो सकती है। लक्ष्य तय कर हम मेहनत करें तो सफलता निश्चित है। हमारे माता-पिता सबसे बड़े शुभचिंतक होते हैं। अतः माता पिता का आज्ञाकारी बनें। रुचि अनुरूप बेहतर क्षेत्र तय कर गांव, देश का नाम रोशन करें। नशामुक्त समाज के निर्माण में आपकी भूमिका अग्र पंक्ति में होनी चाहिए।



एलईडी टीवी व बच्चों को उपहार भेंट किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार साहू प्रधानपाठक, विशिष्ट अतिथि शिक्षा विद रूपराम साहू, खिलावन चंद्राकर, रूपा साहू, ममता कंवर थे। बाल कलाकारों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य, युगल नृत्य, गीत, प्रहसन की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात शिक्षक मनोज साहू के प्रधानपाठक पद में ग्राम खैरझिटी में पदोन्नत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। शाला परिवार ने उन्हें श्रीफल, शाल, अभिनंदन पत्र, बैग, प्रतीक चिन्ह, सफारी सूट, रामचरित मानस ग्रंथ, प्रधानपाठक सील, नेमप्लेट इत्यादि सामग्री भेंट की। श्री साहू ने भी सभी शिक्षकों, रसोईया, सहायिका, सफाई कर्मचारी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सभी 130 विद्यार्थियों को शीश, रबर कटर, स्केल, पेन अन्य सामग्री प्रदान की। साथ ही प्राथमिक विद्यालय उड़ेना हेतु आधुनिक तकनीकी शिक्षण सहायक सामग्री स्मार्ट टीवी एवं माध्यमिक शाला हेतु इलेक्ट्रानिक घड़ी भेंट की।

इस अवसर पर उर्वशी साहू, शांति दीवान, भोजलाल साहू, भरत यदु, मयाराम साहू, कौशल चंद्राकर, सोहन साहू, कौशल पटेल, पवन देवदास, केशवराम सिंह, विष्णुप्रसाद हिरवानी, नेहा हिंदूजा, भगवती पटेल, उर्मिला पाटिल, पेमेश्वरी साहू, मोनिका दीवान, रजनी निर्मलकर, गोपाल, गंगा, हीरा कुर्रे, गोविंद साहू, लिलेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नगर संकीर्तन से दिया आध्यात्मिक चेतना का संदेश

■ अमलीडीह में महासंकीर्तन, कथा के साथ गीता का वितरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

गीता जयंती पर इस्कॉन रायपुर के ब्रह्मचारी भक्तों का अमलीडीह में तन्मय चैतन्य और ज्ञानुदास प्रभु के घर में आगमन हुआ। इस दौरान गीता का वितरण किया गया। नगर संकीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। महासंकीर्तन और कथा का आयोजन हुआ। इस्कॉन रायपुर के डॉयरेक्टर तमाल कृष्णदास ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज में मानसिक शांति और लोगों तक कृष्ण भक्ति को पहुंचाकर जीवन को कृतार्थ बनाना है। आध्यात्मिक जागृति और गीता के संदेश का प्रचार-प्रसार करना था।



यही मानवता की असली सेवा है। योगेश्वर कृष्ण दास ने भगवान कृष्ण की अद्भुत बाल लीला का वर्णन किया। युवा पीढ़ा को मार्गदर्शन दिया।

भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पण किया। इस आयोजन में कृष्णा चैतन्य, तन्मय चैतन्य, ज्ञानू दास, टेमेंद्र चैतन्य, कुलदीप साहू, पुष्कर का विशेष योगदान रहा। मौके पर भानुराम, ओमप्रकाश, गुलाप साहू, गोपीचंद साहू, महेंद्र, हिमांशु, यमन साहू, पुरुषोत्तम साहू, कामता साहू, सुरेंद्र, चंदू साहू, हेमा साहू, उषा साहू, रामबाई, लोकेश, कंचन साहू, रानी साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# भुसरेंगा स्कूल को दिया स्मार्ट टीवी

■ न्यौता भोज के रूप में बच्चों को अमरूद का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं दोनों आंगनबाड़ी केंद्र भुसरेंगा में साहू दंपति तुमन-रंजीता साहू ने बच्चों को न्यौता भोज के रूप में अमरूद दिया साथ ही छत्तीसगढ़ी, गणित, अंग्रेजी वर्ण माला का वितरण किया गया।

माध्यमिक शाला भुसरेंगा में स्मार्ट टीवी तुमन साहू एवं श्री कोसरिया के जन्मदिन की खुशी में संयुक्त रूप से दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्रकृति को बचाना सबसे मुश्किल काम है। बहुत ही कम लोग हैं, जिन्हें पर्यावरण की चिंता है। इनके द्वारा पपीता, अमरूद, आम, नारियल




के पौधों का वितरण किया गया। बच्चों को पेन, पेंसिल, कलर बॉक्स भी दिया गया। एसएमसी की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें शासन द्वारा प्राप्त मद के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर हाईस्कूल प्राचार्य सुनीता कोसरिया, शिक्षक कल्याणसिंह कोठरे, गीता यादव, लता देवांगन, यदुनंदन साहू, एचएम यूके कोसरिया, कुलेश्वर साहू, लोमाश साहू, गीता साहू, केशरी दादर, देववती ध्रुव, ज्योति ध्रुव, शारदा ध्रुव, लीला ध्रुव, भारती पटेल, आरती यादव, पूर्व सरपंच रामाधीन निर्मलकर, एसएमसी सदस्य शैलेन्द्र साहू, ठाकुरराम साहू, हेमलता यादव, रसोइया, सहायिका एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./46/अ/74 वर्ष 2023-24
ग्राम-भटगांव

सर्व साधारण आम जनता मौजा ग्राम भटगांव प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रूद्री तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरेन्द्र देवांगन पिता स्व. श्री दुखूराम देवांगन, जाति कोष्टा निवासी ग्राम भटगांव तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) का रहने वाला है। आवेदक द्वारा अपने दादा रूपुराम देवांगन पिता बंटू राम देवांगन का मृत्यु दिनांक 25/08/1991 को स्थान ग्राम भटगांव तह. व जिला धमतरी में होना बताया है। जो भूलवश ग्राम पंचायत भटगांव के जन्म/मृत्यु पंजी में पंजीयन नहीं है। इस कारण प्रमाण पत्र बनाने में काफी असुविधा उत्पन्न हो रहा है ऐसी स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को अपना आपत्ति/उजर दावा पेश करना है तो वह दिनांक 26/12/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2004 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
धमतरी (छग.)

### पक्के मकानों से परिवार की सुरक्षा की चिंता से मिली मुक्ति

# कमार हितग्राहियों के जीवन में आई खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों की दशा और दिशा बदलने के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इन्हीं योजनाओं में से एक है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराना। बरसों से कच्चे मकानों में रहकर जीवन यापन करने वाले इन विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों को आए दिन सांप, बिच्छू, जंगली जानवर, बारिश में छत टपकने का भय बना रहता था। वहीं प्रधानमंत्री आवास




योजना के तहत मिले पक्के मकान से अब उन्हें अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता नहीं सताती।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित नगरी विकासखण्ड के ग्राम फरसियां निवासी कार्तिक राम, हेमिन, गंगा, ग्राम सरईटोला की राधा, राधिका बाई, बंशीलाल ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इस जंगल में भी हमारा खुद का पक्का मकान होगा। इस पक्के मकान के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार माना। बता दें कि जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत 1266 में से 636 आवास पूर्ण हो गए हैं और शेष आवास पूर्णता की ओर अग्रसर हैं।

**Pride of Dhamtari**

**राजनीतिक कटआउट**
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
**हीरा आर्ट्स** सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी **93011-01400**




**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**जीजामगांव।** सतनामी समाज बिरेझर के तत्वावधान में बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। समाज के पुरुष सहित महिलाओं ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डीजे की धुन पर सभी लोग बाबा के जयकारे लगाए

### सेजेस बठेना को मिला मिशन अव्वल अवार्ड



**धमतरी।** जिले में स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बठेना स्कूल को मिशन अव्वल के तहत नवम्बर माह में 9वीं, 10वीं परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन पर जिला स्तर पर सोमवार को बीआरसीसी भवन में जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) भुवन लाल जैन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि लीलाधर चौधरी, बीआरसी एवं संस्था प्राचार्य एन पाण्डेय, वरिष्ठ व्याख्याता आरके साहू, व्याख्याता दीपक कुमार साहू सहित सभी प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद थे।

### दीपक सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



**धमतरी।** सनातन सेना ने पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भटगांव में किया जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। सनातन सेना के दीपक सिंह ठाकुर ने क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने अपने उद्बोधन कहा कि युवा वर्ग को बेहतर प्लेटफार्म देना ही उनका उद्देश्य है। समाज के सभी वर्ग के लोग जब जाति, धर्म सब कुछ भूलकर एक मंच में खेलते हैं तो भारतीयता, राष्ट्रवाद, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होती है। मौके पर डाकेश्वर साहू, जतिन देवांगन, गोपाल साहू, महेश शर्मा, आयुष दीवान, लक्ष्मीकांत, शुभम, नितेश साहू, कान्हा राव, अमित समेत अन्य उपस्थित थे।

### काव्य कृति वास्थिका का विमोचन 21 को




**धमतरी।** जिला हिंदी साहित्य समिति धमतरी द्वारा 21 दिसम्बर शनिवार को दोपहर 2.30 बजे म्युनिस्पिल स्कूल धमतरी के पीछे साहित्य भवन में कलेक्टर नम्रता गांधी के मुख्य आतिथ्य एवं जिला हिन्दी साहित्य समिति के संरक्षक सुरजीत नवदीप की अध्यक्षता एवं डॉ. अम्बा शुक्ला हिन्दी विभागाध्यक्ष सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी के विशेष आतिथ्य में श्रीमती कामिनी कौशिक की काव्य कृति वास्थिका, माधुरी मार्कण्डेय की कृति काव्य माधुरी, मानव की भावना, डॉ. राखी कोर्राम की कृति तोर अछरा के छईंहा और दो मिनट का पुस्तक विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव एवं सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने की है।

### 3 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में डाली आहुति



**धमतरी।** धमतरी गायत्री शक्ति पीठ की पूर्व ट्रस्टी सावित्री पटेल परिवार द्वारा 3 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। परस पटेल, दिलीप पटेल ने कहा कि गायत्री परिवार सदैव नशा मुक्ति, समाज सुधार, समृद्धि परिवार, नारी जागरण, देशहित के कार्यों में सहभागिता निभा रहा है। आज सकल विश्व में गायत्री परिवार का अभियान हर जगह चल रहा है। आने वाले वर्ष में भगवती माताजी का शताब्दी जन्मोत्सव की तैयारी भी जोरों पर है। यज्ञाचार्य शकुन कश्यप, गीता साहू नमिता देवांगन, पदमनी साहू, चमेली साहू ने संगीत के साथ पूजा, यज्ञ हवन, पूजन, आहुति करवाई। कार्यक्रम में सुशीला छाटा, गजानंद साहू, शिवरात्रि सिन्हा, रूक्मणि साहू, अल्का, गीतिका का सहयोग रहा। मौके पर परस पटेल, जानकी पटेल, दिलीप पटेल, पद्मनी पटेल, गजानंद मीनपाल, यशोदा मीनपाल, जिला समन्वयक दिलीप नाग, माखन साहू, सुहासिनी साहू, प्रदीप देवांगन, पप्पू पटेल, वेदप्रकाश पटेल, पुष्पांजलि पटेल, हेमांशी पटेल, कमला पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## निधन

### राधेश्याम साहू



धमतरी। प्रज्ञा पीठ मुजगहन के संचालक राधेश्याम साहू का 17 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे डॉ. पूनम साहू, रोशन साहू, नितेश साहू के पिताजी एवं राम कृष्ण साहू के बड़े भैया थे। उनकी अंत्येष्टि मुजगहन के मुक्तिधाम में की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### दशोदा बाई



**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी दशोदा बाई प्रजापति 81 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार श्मशान घाट में किया गया। वे खिलावन, धनेश प्रजापति की मां थीं। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

4-4 सीट अन्य पिछड़ा वर्ग व 3-3 सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित

# नगर पंचायत कुरुद व भखारा के 15-15 वार्डों के लिए आरक्षण तय

### 5-5 सीटों में कोई भी लड़ सकता है चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिला प्रशासन ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायतों के वार्ड पार्षद प्रत्याशियों हेतु आरक्षण तय कर दिया है। कुरुद विधानसभा अंतर्गत कुरुद एवं भखारा नगर पंचायत में 15-15 वार्डों के लिए आरक्षण हुआ है। जिसमें दोनों ही नगर पंचायतों के लिए ओबीसी आबादी को दृष्टिगत रख चार-चार वार्डों में अपिव के लिए सीटें आरक्षित कर दी हैं।

गुरुवार को कलेक्टर दफ्तर में हुई बैठक में वार्ड प्रत्याशियों का आरक्षण किया गया। कलेक्टर दफ्तर में हुई बैठक में बारी- बारी से सभी नगरीय निकाय के क्षेत्रों का नियमों के मुताबिक आरक्षण प्रक्रिया पूरा की गई। नगर पंचायत कुरुद में वार्ड क्र. 01 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 02 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 03 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 04 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्र. 05 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 06 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 07 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्र. 08 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 09 सामान्य महिला, वार्ड क्र. 10 अनुसूचित जन जाति मुक्त, वार्ड क्र. 11 अनुसूचित जन जाति महिला, वार्ड क्र. 12 सामान्य महिला, वार्ड क्र. 13 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 14. सामान्य मुक्त एवं वार्ड क्र. 15 सामान्य महिला हेतु सीट आरक्षित किया गया है।







गौरतलब है कि इस बार जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से सर्वाधिक रूप से ओबीसी वर्ग को निकाय क्षेत्र में दावेदारी करने का अवसर मिलने जा रहा है। सरकार जैसे ही अधिसूचना जारी करेगी वैसे ही तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वहीं वार्ड सीटों के आरक्षण तय होने के बाद नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस ने अपने- अपने दावेवार ढूढंने शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण लॉटरी के माध्यम से निकाला जायेगा।

### नपं भखारा में 01 एसटी व 02 एससी के लिए सीट आरक्षित

नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्र. 01 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्र. 02 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 03 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्र. 04 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 05 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 06 सामान्य महिला, वार्ड क्र. 07 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 08 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 09 सामान्य महिला, वार्ड क्र. 10 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्र. 11 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 12 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 13 सामान्य मुक्त, वार्ड क्र. 14. अनुसूचित जाति महिला एवं वार्ड क्र. 15 में सामान्य महिला के लिए आरक्षित हुआ है।

## कुरुद विधानसभा में युवाओं को मिली मंडल अध्यक्षों की कमान

- कुरुद से कृष्णकांत, भखारा से रवि, सिर्री से डॉ. लोकेश व मेघा से कल्याण मंडल अध्यक्ष घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला संगठन भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार भाजपा कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले मंडल कुरुद, भखारा, सिर्री एवं मेघा के लिए अध्यक्षों के नाम की घोषणा हो गई है इस बार पार्टी संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले सभी युवा चेहरों को इस बार मंडल अध्यक्षों की कमान सौंपी गई।

गौरतलब है कि विगत दिनों भाजपा कार्यालय कुरुद में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई थी। जिसमें उम्र सीमा का बंधन था। ऐसे पार्टी के कार्यकर्ता ही इसके योग्य थे जिसकी उम्र 35 से 45 वर्ष के बीच हो। बावजूद मेघा मंडल से निर्वाचित किये मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी का नाम उम्र अधिक हो जाने के कारण घोषित नहीं किया जा सका। जिला नेतृत्व द्वारा इसकी जानकारी कुरुद विधानसभा के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर को दी गई। तब उक्त नाम में तब्दीली करते हुए मेघा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की रायशुमारी पश्चात कोई दूसरा काबिल युवा चेहरा का नाम पार्टी हाईकमान को भेजा गया। तत्पश्चात सोशल मीडिया के माध्यम से जारी हुई सूची में सभी नाम विधायक चंद्राकर की पसंदीदा एवं मंडल स्तर में बेहतर समन्वय स्थापित कर सकने वाले नामों जिसकी निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से नाम तय किया गया था उन्हीं नामों की घोषणा की गई।




### प्रदेश संगठन से बंद लिफाफे में आए नाम

कुरुद से कृष्णकांत साहू जो वर्तमान में नगर पंचायत कुरुद में विधायक प्रतिनिधि है, का नाम तय हुआ है। भखारा मंडल से एक फ्रेश युवा चेहरा जो सिन्हा समाज से आता है। यहां से बिजनेसमैन सुपेला निवासी रवि सिन्हा चुने गये है। वहीं सिर्री मंडल से ग्राम फुसेरा से दो बार के सरपंच डॉ लोकेश साहू को चुना गया है। इसी कड़ी में संतोष सोनी की जगह ग्राम सौंगा का युवा चेहरा जो भाजयुमो के हर एक कार्यक्रम में अग्रणी पंक्ति में देखा जाता रहा है। ग्राम सौंगा निवासी कल्याण सिंह राजपूत का नाम तय किया गया है। उक्त सभी नामों की घोषणा चुनाव प्रभारी द्वारा प्रदेश संगठन से आए लिफाफा को खोलकर की गई है। नाम घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## डबल इंजन की सरकार का इंजन एक वर्ष में ही फेल : सोमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पार्षद सोमेश मेश्राम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सुशासन का एक वर्ष मना रही है। केंद्र की मोदी सरकार, राज्य की विष्णुदेव सरकार के डबल इंजन की सरकार की वाहवाही लूटी जा रही है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा सरकार के एक वर्ष में हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है। डबल इंजन की सरकार का इंजन साल भर में ही फेल होते नजर आ रहा है । किसानों को एकमुश्त 3200 देने का वादा करने वाली सरकार सिर्फ 2300 ही दे रही बाकी के पैसे कैसे मिलेंगे कोई नहीं बता रहा। समान्य परिवार का बिजली बिल 300 से 400 तक आता रहा वह बिजली बिल 1100 से 1200 आ रहा है। कानून व्यवस्था ठप है। शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई है। भाजपा सरकार आते ही निगम के स्वीकृत 5 करोड़ के कार्यों को निरस्त कर सिर्फ बीजेपी पार्षदों के वार्डों के लिए 6 करोड़ विकास कार्य लाकर निगम के बाहर मटका फोड़कर ढिंढोरा पीटा जा रहा है।

## अमृतेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय संगठन व प्रदेश संगठन मंत्री

- नासिक, बनारस, चित्रकूट से आए पंडितों द्वारा कराई जा रही विशेष पूजा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद के विनायक सिटी में भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नासिक, बनारस, चित्रकूट से आए पंडितों द्वारा कराई जा रही विशेष पूजा में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पहुंचकर दर्शन लाभ लिए। विधायक अजय चन्द्राकर के साथ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र में सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगलकामना की।

पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेता बुधवार की शाम कुरुद पहुंचे। उन्होंने मंदिर की भव्यता और खूबसूरती की तारीफ करते हुए लोक कल्याण एवं धर्म संस्कृति के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए अजय चन्द्राकर की प्रशंसा की। इस बारे में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर का कहना है कि वरिष्ठ पार्टी नेता मंदिर दर्शन को आए थे। इस बीच किसी तरह की कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। बहरहाल बाद में चाय के बीच संगठन के दोनों नेताओं ने कुरुद क्षेत्र में सदस्यता अभियान में बेजोड़ कार्य करने के लिए विधायक एवं कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई। इस दौरान कुरुद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित चारों मंडल अध्यक्ष को नये दायित्व के लिए बधाई देते हुए आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर रविकांत चन्द्राकर, गौकरण साहू, भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, आनंद यदु मौजूद थे।

### वरिष्ठ नेताओं के कुरुद आगमन की राजनीतिक हल्के में चर्चा

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की विधानसभा में चल रही गरमागरम बहस एवं संगठन चुनाव की गहमागहमी के बीच मंदिर दर्शन के बहाने संगठन के दो बड़े महारथियों के कुरुद पहुंचने की खबर से राजनीतिक हल्के में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। ज्ञात हो कि शीत सत्र के पूर्व विधायक श्री चन्द्राकर दिल्ली में पार्टी एवं सरकार के आला मंत्रियों से मुलाकात कर लौटे हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार की शुरुआती दौर में कुरुद विधायक के धुआंधार परफॉरमेंस ने कई मंत्रियों का जायका बिगाड़ दिया था। विष्णुदेव सरकार के प्रथम वर्ष के अंतिम सत्र में भी पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर द्वारा पूछे सवालों का वरिष्ठ मंत्री तक ठीक से जवाब नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में संगठन के वरिष्ठ नेताओं के कुरुद आने से कुछ सवाल हवा में तैरने लगे हैं।

## श्रद्धालुओं ने सुनी जालंधर वध की कथा

- आज गीता पाठ के साथ कथा का होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम गिरौद में 12 से 19 दिसंबर तक शिव महापुराण कथा अमृत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता कालेश्वरप्रसाद तिवारी जेंजरावाले ने 7वें दिन 18 दिसंबर को जालंधर वध की कथा सुनाई। कालेश्वर तिवारी ने कथा प्रवचन में बताया कि जालंधर एक असुर था जिसका जन्म भगवान शिव की तीसरी आंख से निकले तेज से हुआ था। जालंधर की पत्नी वृंदा पतिव्रता नारी थी। जालंधर ने तीनों लोक पर कब्जा जमाया था। उन्होंने कैलाश पर भी आक्रमण कर दिया और पार्वती को अपना आधीन करना चाहा। श्री तिवारी ने आगे बताया कि इसी कारण भगवान महादेव को जालंधर से वध करना पड़ा। किन्तु जालंधर तब तक नहीं हारेगा जब वृंदा की पतिव्रता भंग न हो। भगवान हरि ने जालंधर का वेश धारण कर वृंदा की पतिव्रता को भंग किया। उधर भगवान महादेव ने जालंधर का वध कर दिया। उन्होंने तुलसी माता की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने रविवार को तुलसी पत्ती नहीं तोड़ने कहा। श्री तिवारी ने राजा दक्ष, सोमनाथ, महाकालेश्वर, मलिकार्जुन शिव लिंग की महिमा बताई। कथा सुनने खोरबहारीन साहू, नारायण साहू, रामकली साहू, सनत साहू, वेदिका साहू, योगेश साहू, फुलेश्वरी साहू, छत्रपाल साहू, विद्या साहू, हुलास ईश्वरी साहू, ओमेश्वरी साहू, चुम्मन साहू, पुष्पा साहू, पूर्णिमा साहू, गंगा साहू, दमयंतीन साहू, चंपा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई। आज गीता पाठ के साथ कथा का समापन होगा।

### शिक्षा का स्तर जांचने आमदी में हुई परख परीक्षा

**आमदी(धमतरी)।** शिक्षा का स्तर जांचने शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में परख परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं के 26 विद्यार्थी उपस्थित रहे। बीईओ अमित तिवारी एवं बीआरसीसी ललित सिन्हा ने निरीक्षण किया। शिक्षिका सविता छाटा ने बताया कि परख परीक्षा केंद्र शासन द्वारा हर तीन साल में आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर का आकलन करना है। मौके पर नेहा सोलंके, सानिया कुंजाम समेत स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

## एड्स, एचआईवी की वास्तविक जानकारी होना जरूरी : समीर




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस अंतर्गत एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एड्स नियंत्रण समिति के काउंसलर समीर मशीह एवं श्रीमती रूबी सोनबेर ने छात्र छात्राओं को एड्स एवं एचआईवी के लक्षण, कारण एवं उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं की भ्रांतियों को भी दूर किया।

श्री मसीह ने कहा कि युवाओं को इसकी वास्तविक जानकारी होना आवश्यक है। इससे युवा पीढ़ी को अपने सामाजिक दायित्वों को समझने एवं उनके निर्वाह करने में मदद मिलती है। यह कार्यक्रम प्राचार्य जीआर साहू के मार्गदर्शन में श्रीमती डॉली डड़सेना प्रभारी रेडक्रास, जयप्रकाश डड़सेना कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, टीके मरकाम सहायक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, एसके गजेंद्र, केएन वार्डे, एमके केशरी तकनीक सहायक, गोहद राम साहू, यशवन्त गोंड कुशल परिचारक की उपस्थिति में किया गया।






## खबर संक्षेप

### बाजारकुर्रीडीह में मड़ई 8 को

**कुकरेल।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बाजारकुर्रीडीह में मड़ई मेला का आयोजन 8 जनवरी बुधवार को किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए झन भूलव मां बाप ला छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम पचपेड़ी मोखा बालोद का रखा गया है। यह जानकारी हेमंत पटेल, नरेश मरकाम, गजानंद, कन्हैया सलाम, गिरवर नागवंशी, संतोष यादव ने दी है।

### सिर्री में सत्संग समारोह आज से



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी राजकुमार साहू, ठाकुरराम साहू, लीलाराम साहू परिवार द्वारा गांव के अटल चौक में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 20 और 21 दिसंबर को रखा गया है। प्रवचनकर्ता निष्ठा साहेब होंगे। प्रवचन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एवं 2 से शाम 4 बजे तक होगा। यह जानकारी ठाकुरराम साहू ने दी।

### भाठागांव में घासीदास जयंती 22 को

**डांडेसरा।** सृजन भाठागांव में 22 दिसंबर को जयंती मेला का आयोजन किया गया है। समाज प्रमुखों ने बताया कि जयंती पर सर्वप्रथम बाबा की पूजा-आरती होगी पश्चात बंगोली का पंथी नृत्य होगा। रात्रि में भुंइया के श्रृंगार लोक नृत्य होच्चेटोला बालोद का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम सरपंच खेमराज चन्द्राकर के सहयोग से रखा गया है।

### ऑनलाइन आवेदन 20 जनवरी तक मंगाए

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ति, प्रभावित क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी हेतु प्रदेश में स्थापित प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक जिले के विद्यार्थी 20 जनवरी 2025 तक विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन/पीआरएएसएमएस/स्टूडेंट-एडमिशन-डिटेल्स में आवेदन कर सकते हैं।

### गोंडवाना विद्या मंदिर में हुआ न्योता भोज

**नगरी।** गोंडवाना प्राथमिक विद्या मंदिर कसपुर में बौद्धिक, सांस्कृतिक व क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान गोंडवाना समाज के युवा व्यवसायी संजू नेताम ने न्योजा भोज का आयोजन किया। उनके द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन परोसा गया। इससे पूर्व बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने बौद्धिक एवं आदिवासी संस्कृति पर कार्यक्रम पेश किया।

### पुतला जलाने के दौरान पुलिस के साथ कांग्रेसियों की हुई झूमाझटकी

# डॉ. अम्बेडकर पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री शाह का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर दिए गए बयान पर विरोध दर्ज करते हुए धमतरी के कांग्रेसियों ने गुरूवार को उनका पुतला दहन किया। कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से श्री शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचे, जहां उनका पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस के साथ काफी झूमा-झटकी हुई। पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया। अंत में कांग्रेसी पुतला जलाने में सफल हुए।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि गृहमंत्री ने राज्यसभा में हास्यास्पद और अपमानजनक तरीके से कहा था कि अम्बेडकर का नाम लेना अब फैशन बन गया है। इतना तो भगवान का नाम लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग



मिल जाता। संविधान विरोधी लोगों को पता होना चाहिए कि देश की 90 प्रतिशत आबादी को सम्मान के साथ संवैधानिक अधिकार मिला है। उसमें बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान और उसके द्वारा निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। गृहमंत्री माफी मांगे। उनके दिमाग में मनुस्मृति विचारधारा है। मोहन लालवानी ने कहा कि हम गृहमंत्री की टिप्पणी का जोरदार विरोध करते हैं। वे देश से माफी मांगे और अपने पद से इस्तीफा दें।

पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए बाबा साहेब की ओर देखते हैं। कुछ लोग नफरत और कट्टरता को अपने अंदर समाहित कर लिए हैं। ऐसे लोग संविधान और अम्बेडकर के द्वारा किए काम को खत्म करना चाहते हैं।

इस मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, गौरीशंकर पांडे, सलीम रोकिड़या, योगेश शर्मा, अरविंद दोशी, कृष्णा मरकाम, राजा देवांगन, हितेश गंगबीर, राजेश ठाकुर, केके पेंदरिया, अजय वर्मा, राजेश पांडे, दीपक सोनकर, शास्त्री सोनवानी, तारिक रजा कादरी, वातांजलि गोस्वामी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्य विपक्षी पार्टी अम्बेडकर विरोधी : प्रकाश



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अम्बेडकर के नाम पर देश में 70 साल तक राज किया और देश को खोखला कर दिया। श्री बैस ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी अम्बेडकर विरोधी, संविधान विरोधी, आरक्षण विरोधी हैं। कांग्रेस ने डॉ. अम्बेडकर की विरासत को मिटाने और उस समुदाय को अपमानित किया है। कांग्रेस को भाजपा का डर सता रहा है इसलिए डॉ. अम्बेडकर का सहारा ले रही है ताकि दलित वोट बैंक को बचाया जा सके। गृहमंत्री की आधी-अधूरी वीडियो क्लिप दिखाई जा रही है। बेवजह आरोप लगाकर गलत साबित करना चाह रही है। मीडिया पूरी क्लीपिंग दिखाएं तो सच बाहर आ जाएगा। उनको विरोध करना था तो संसद में गृहमंत्री के बयान पर तुरंत आवाज उठानी थी। कांग्रेस दलित समुदाय को बरगलाने के लिए दूसरे दिन आधी अधूरी क्लिप जारी कर लोगों को गुमराह कर रही है।

## पीडीएस चावल के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग



- युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खाद्य मंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीडीएस चावल के अवैध कारोबार को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस कार्य में लिप्त व्यापारियों, राइस मिलरों एवं अधिकारियों पर कार्रवाई करने खाद्य मंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, कृष्णा मरकाम ने कहा कि धमतरी शहर में चावल माफियाओं द्वारा पीडीएस चावल का अवैध कारोबार वृहद स्तर पर किया जा रहा है। पीडीएस चावल की खरीदी बिक्री पूर्णतयः प्रतिबंधित होने के बावजूद शहर के कुछ बड़े व्यापारियों एवं राइस मिलरों द्वारा कोचियों के माध्यम से राशन कार्ड हितग्राहियों को कुछ पैसों का लालच देकर उनसे चावल खरीदकर चावल का रीसाइक्लिंग किया जा रहा है।

इस अवैध कारोबार की जानकारी खाद्य अधिकारी सहित विभाग के जवाबदार अधिकारियों को भी है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। भाजपा सरकार ने ऐसे अधिकारी एवं राइस मिलरों को सरंक्षण दे रखी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान साईंराम, विशु देवांगन, तारिक रजा कादरी, जीत्तू, दिनेश यादव, आर्यन चंदेल, डोमेश्वर साहू, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, पवन यादव, देवेंद्र देवांगन, मिथिलेश साहू, भारत भूषण, शेख सोहेल शामिल रहे।

## 9.22 क्विंटल पीडीएस चावल किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किराना दुकानों की जांच कर पीडीएस चावल की अवैध खरीदारी और भण्डारण की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व एवं खाद्य विभाग धमतरी की संयुक्त टीम ने किराना दुकानों में पीडीएस चावल की अवैध खरीदारी और भंडारण की जांच की गई। इस दौरान रिसाईपारा पूर्व, मकई चौक, भटगांव में 9 क्विंटल 22 किलोग्राम पीडीएस चावल जब्ती की कारवाई की गई।

### कन्या कालेज में औषधीय पौधों पर हुआ व्याख्यान

**धमतरी।** औषधीय पौधे एवं उसके प्रयोग विषय पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एनएस देहारी विभाग अध्यक्ष शासकीय बीसीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने औषधीय पौधों और उसके विभिन्न बीमारियों में होने वाले प्रयोग के विषय में छात्राओं को पावर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी।

## बाबा ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया : नीशु

छाती में आयोजित घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम छाती में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने गुरु घासीदास के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य विजय गायकवाड़, नीलकुमार बारले, लालचंद दिली, चैतराम साहू, शिव चंद्राकर, मोहन ध्रुव, भूपेन्द्र साहू ललित यादव थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। जनपद सदस्य विजय गायकवाड़ ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने जीवनकाल में समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह एक महान संत, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था।

इस दौरान कौशल चंद्राकर, पवन बघेल, डोमार पटेल, नारद बंजारे, प्रमिला चंद्राकर, रोशनी कंवर, संरक्षक नेहरू राम बंजारे, लखन गायकवाड़, गोपाल चतुर्वेदी, धनराज देशलहरे, बैसाखू भारती, इजेंद्र खुर्राट, घनाराम खरे, राजकुमार बारले, अध्यक्ष दिनेश देशलहरे, उपाध्यक्ष दीपेश चतुर्वेदी, धनेश बारले, प्रकाश दिली, परमेश्वर चतुर्वेदी, देवेन्द्र मारकण्डे, भूषण भारती, अजय कुमार, ओंकार भारती समेत अन्य मौजूद थे। मंच संचालन परस सोनवानी ने किया।

## ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला गुरु होता है : कविता



- रांवा व तरसींवा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुईं जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम रांवा व तरसींवा में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन समिति सभापति जिला पंचायत श्रीमती कविता बाबर थीं। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि बाबा का जन्म छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया एवं सतनाम संप्रदाय की स्थापना की। उन्हें सतनाम पंथ का संस्थापक माना जाता है। उन्होंने पशुओं की बलि एवं छूआछूत की खिलाफ़त की। उन्होंने संदेश दिया था कि सतनाम धर्म प्रत्येक मानव को मानव का स्थान देता है। यहां न कोई छोटा है न बड़ा है। मौके पर परमेश्वर पुरी गोस्वामी, फलेश साहू, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर सिन्हा, गणेश राम बांधे, खूबलाल बंजारे, कार्तिक राम बांधे, शिवा टंडन, सुकलाल कोसरे, जोहन बांधे समेत बड़ी संख्या में सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बच्चों के भविष्य को साकार करने पालक व शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम भोयना में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भवन के प्रांगण में शेड निर्माण कार्य, सांस्कृतिक कलामंच, शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कक्ष निर्माण का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा कि गांवों व शहर में विकास तेजी से हो रहा है, जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, विकास की गति दोगुनी हो गई है। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाकर जनता के हित में काम कर रही है। स्कूली बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य की कल्पना को साकार करने में पालक व शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आभार प्रदर्शन सरपंच श्रीमती देवंतीन सोनवानी ने किया। मौके पर सोहन यादव, कैलाश देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, अनीश देवांगन, दीनदयाल साहू, श्यामलाल नेताम, ईश्वर देवांगन, उपसरपंच अशोक देवांगन, सीताराम नेताम, हरिराम साहू, भोलाराम साहू, सुलोचना देवांगन, हेमंत साहू, कुशल राम साहू, उर्मिला ध्रुव पंच, राधाबाई पंच, देवेंद्र कुमार साहू, कन्हैया ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

## सनातन उत्थान सेवा समिति ने किया शोभायात्रा का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज जोधापुर सोरिद द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का सनातन उत्थान सेवा समिति ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर समिति अध्यक्ष नंदलाल यादव, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू,सहसचिव कमलेश ध्रुव, सदस्य भागवत सिन्हा, रौनित सहारे, प्रेम सिन्हा, देव प्रकाश, धर्मेश सिन्हा, मुकुंद यादव, सतऊ नेताम, आकाश सोनी, अभिषेक सिन्हा, राहुल, सोमेश नेताम, लोकनाथ साहू, कीर्तन साहू, अमृत देवांगन, ललित चक्रधारी, गजेंद्र साहू, उत्कर्ष रामटेके, विशाल सोनवानी मौजूद थे।

## विकृतियों के अंत के लिए सत्संग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ जारी है। यज्ञ के द्वितीय दिवस प्रज्ञा पुराण वाचक ने कहा कि धर्म के चार चरण सत्य, तप, सेवा, दान में तीन चरण विलुप्त होने के कारण आज कलयुग में लोग सत्य नहीं बोलते हैं। लोग लोक कल्याण के लिए तप नहीं करते हैं। आज माता पिता, गौ माता की कोई सेवा नहीं करता। वृद्धजनों को वृद्धाश्रम भेजा जा रहा है। इन विकृतियों के अंत के लिए यज्ञ और सत्संग की आवश्यकता है। गायत्री महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चलता है।





### तीन दिनों के लिए ठंड से राहत

**धमतरी।** बंगाल की खाड़ी में निम्नदाब का क्षेत्र बनने से अंचल का मौसम बदल गया है। गुरुवार को आकाश में बादल छाये रहे। न्यूनतम तापमान बढ़कर 15 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर आ गया है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी। उसके बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है। 20 दिसंबर को प्रदेश के दक्षिणी एवं पूर्वी भाग में एक से दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

### सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने सफाई अभियान चलाया

**नगरी।** सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 चुरियारा प्राथमिक शाला विद्यालय के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। डिस्पोजल, पॉलिथीन को एकत्रित किया। आसपास को स्वच्छ व सुंदर बनने का संकल्प लिया।

### हिंछापुर में घासीदास जयंती मनाई गई

सांकरा। ग्राम हिंछापुर में गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि प्रेमनारायण सिन्हा, नारायण कांडे, लक्ष्मीनाथ कांडे, रवि कांडे थे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## सम्मेलन में ओपीएस, नियमितीकरण समेत कई मांगों को लेकर उठी आवाज

कोरबा में हुआ विद्युत कर्मियों का प्रांतीय सम्मेलन, जिले के कर्मचारी भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कोरबा में संपन्न विद्युत कर्मियों के सबसे बड़े संगठन जनता यूनियन के प्रांतीय सम्मेलन में विद्युत कर्मियों की लंबित मांगों को प्रमुखता से रखा गया। पुरानी पेंशन लागू करने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती, 2026 के वेज रिवीजन हेतु वेज कमेटी का गठन करने सहित 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को सौंपा गया। इस अवसर पर जनता यूनियन के प्रांत अध्यक्ष सीके खांडे ने कहा कि विद्युत कर्मियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता यूनियन के कारण ही आज तक विद्युत विभाग का निजीकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने 2004 के बाद नियुक्त विद्युत कर्मियों को पुरानी पेंशन तत्काल लागू करने, रिक्त पदों पर तत्काल कर्मियों की नियमित भर्ती, मध्यप्रदेश की तरह चतुर्थ उच्च वेतनमान लागू करने, अधिकारियों की तरह समस्त कर्मियों को तकनीकी भत्ता तत्काल प्रदान करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा में बाह्य रोगी के लिए चिकित्सा मुफ्त करने समेत अतिरिक्त मांगों पर शीघ्र आदेश प्रसारित करने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया।

प्रांतीय सम्मेलन में धमतरी, कुरुद संभाग से सोहनलाल धीवर, योगेश मेश्राम, प्रकाश साहू, गिरीश वर्मा, धनेश साहू, खिंजनलाल साहू, प्रहलाद निषाद अशोक वर्मा, ओगेंद्र मरकाम, हितेंद्र दुबे, दशलाल मरकाम, झिटकूराम कश्यप, नीलाधर कश्यप, गजेंद्र टंडन, राजेश पनका, कचरूराम नेताम, नरेश विश्वकर्मा, प्रदीप नेताम, सुशील जुर्री, रामगोपाल साहू, देवेंद्र साहू, खिरभान शांडिल्य, कीर्तन कश्यप सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020